मध्यप्रदेश विधान सभा

नवम्बर-दिसम्बर,2004 सत्र

दैनिक कार्य सूची

सोमवार, दिनांक 29 नवम्बर, 2004 (अग्रहायण 8, 1926)

समय 10.30 बजे दिन

1. शपथ/प्रतिज्ञान

निर्वाचन क्षेत्र क्र.52-नोहटा तथा 93-बालाघाट से उप चुनाव में निर्वाचित सदस्य शपथ लेंगे/प्रतिज्ञान करेंगे, सदस्यों की नामावली में हस्ताक्षर करेंगे और सभा में अपना स्थान ग्रहण करेंगे-

(1) श्री दशरथ सिंह लोधी (दस्सू भैया) ; तथा

(2) श्री अशोक सिंह सरस्वार.

2. निधन उल्लेख

निम्नलिखित के निधन संबंधी उल्लेख -

(1) श्री अमर सिंह चौधरी, गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री,

(2) श्री नीलमणि राउतरे, उड़ीसा के पूर्व मुख्यमंत्री,

(3) श्री श्यामनंदन मिश्र, पूर्व केन्द्रीय मंत्री,

(4) श्री बुद्ध प्रिय मौर्य, पूर्व केन्द्रीय राज्यमंत्री,

(5) डॉ. राजा रमन्ना, पूर्व केन्द्रीय राज्यमंत्री,

(6) ठाकुर शशि भूषण सिंह, पूर्व सदस्य विधान सभा,

(7) श्री गणेशीलाल, पूर्व सदस्य विधान सभा; तथा

(8) श्री लक्ष्मणदास अहिरवार, पूर्व सदस्य विधान सभा.

3. प्रश्नोत्तर

पृथकत: वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

4. मुख्यमंत्री से संबंधित प्रश्नकाल

5. अध्यादेशों का पटल पर रखा जाना

श्री बाबूलाल गौर, मुख्यमंत्री, भारत के संविधान के अनुच्छेद 213 की अपेक्षानुसार निम्नलिखित अध्यादेशों को पटल पर रखेंगे :-

(1) भारतीय स्टाम्प (मध्यप्रदेश संशोधन) अध्यादेश, 2004 (क्रमांक 2 सन् 2004);

(2) मध्यप्रदेश स्थानीय क्षेत्र में माल के प्रवेश पर कर (संशोधन) अध्यादेश, 2004 (क्रमांक 3 सन् 2004);

(3) मध्यप्रदेश वाणिज्यिक कर (संशोधन) अध्यादेश, 2004 (क्रमांक 4 सन् 2004);

(4) मध्यप्रदेश अधिवक्ता कल्याण निधि (संशोधन) अध्यादेश, 2004 (क्रमांक 5 सन् 2004) ; तथा

(5) मध्यप्रदेश मोटरयान कराधान (संशोधन) अध्यादेश, 2004 (क्रमांक 6 सन् 2004).

6. जून-जुलाई, 2004 सत्र के प्रश्नों के अपूर्ण उत्तरों के पूर्ण उत्तरों का पटल पर रखा जाना

7. नियम 267-क के अधीन जून-जुलाई, 2004 सत्र में पढ़ी गई सूचनाओं तथा उनके उत्तरों का संकलन पटल पर रखा जाना

8. राज्यपाल की अनुमति प्राप्त विधेयकों की सूचना

9. नियम 138(1) के अधीन ध्यान आकर्षण

(1) श्री गजराज सिंह सिकरवार, सदस्य, मुरैना जिले की मुख्य नहर की अम्बाह-सबलगढ़ शाखा में सिंचाई हेतु पानी न छोड़े जाने से उत्पन्न स्थिति की ओर जल संसाधन मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) श्री उम्मेद सिंह बना, सदस्य, मुरैना जिले की जौरा तहसील के ग्रामों में पेयजल संकट की ओर राज्यमंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी का ध्यान आकर्षित करेंगे.

10. सभापति तालिका की घोषणा

डॉ. ए.के. पयासी
प्रमुख सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा.

भोपाल
दिनांक : 28 नवम्बर, 2004